RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 349 | नागौर, 10 दिसम्बर, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## सभी धर्मों की लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल की जाए

### महिला आयोग की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडबल्यू) की एक याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें महिलाओं के लिए शादी की एक समान उम्र की मांग की गई थी, भले ही उनका धर्म या व्यक्तिगत कानून कुछ भी हो। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत में प्रचलित कानूनों के अनुरूप मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत विवाह योग्य आयु में वृद्धि की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी समुदायों की सभी लड़कियों/महिलाओं के लिए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो, 18 वर्ष को विवाह योग्य आयु बनाने के निर्देश देने की प्रार्थना की। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इंगित किया है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ को छोड़कर, विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के तहत विवाह की न्यूनतम आयु प्रचलित दंड कानूनों के अनुरूप है। जबकि अन्य व्यक्तिगत कानूनों और दंड कानूनों के अनुसार विवाह की न्यूनतम आयु एक पुरुष के लिए 21 वर्ष और एक महिला के लिए 18 वर्ष है, मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार, जिन व्यक्तियों ने यौवन प्राप्त कर लिया है, उन्हें शादी करने की अनुमति है।

इसलिए, राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु की उन नाबालिग मुस्लिम विवाहित महिलाओं पर दंडात्मक कानून लागू किए जाने चाहिए जिन्होंने बालिग होने से पहले विवाह किया हो। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, ऐसा नहीं करना न केवल मनमाना, तर्कहीन और भेदभावपूर्ण है, बल्कि दंड कानूनों के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, मुस्लिम पर्सनल लॉ, जो बच्चों को यौवन प्राप्त करने पर शादी करने की अनुमति देता है, निम्नलिखित दंडात्मक प्रावधानों के दायरे में आता है।

## हिमाचल में सीएम पर फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगा

## विधायकों की एक घंटे चली मीटिंग में नहीं हो सका फैसला, प्रतिभा-सुक्खू पर फंसा पेंच

शिमला.

कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश में अपने मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं तय कर पाई। शुक्रवार को 40 विधायकों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों के बीच करीब डेढ़ घंटे चली मीटिंग में अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान पर छोड़ दिया गया। अब मुख्यमंत्री का फैसला सीधे दिल्ली से होगा। डेढ़ घंटे चली मीटिंग में 6 चेहरों पर चर्चा हुई। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह, सुखविंदर सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री, चंद्र कुमार, हर्षवर्धन चौहान और धनीराम शांडिल शामिल हैं। मगर किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई। हालांकि सबसे बड़ा पेंच प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सुक्खू को नाम को लेकर फंस रहा है।

### 5 घंटे देर से शुरू हुई मीटिंग

कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा हुआ है। विधायकों की 3 बजे होने वाली मीटिंग 5 घंटे बाद शुरू हो गई है। कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, ऑब्जर्वर भूपेश बघेल और भूपेंद्र हुड्डा ने दोबारा 6 बजे मीटिंग बुलाई, लेकिन ये भी साढ़े सात बजे के आसपास शुरू हो पाई। हिमाचल कांग्रेस में गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में प्रतिभा सिंह समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। शाम की मीटिंग में तो जब भूपेश बघेल पार्टी ऑफिस पहुंचे तो कुछ समर्थक उनकी गाड़ी पर भी चढ़ गए। प्रतिभा समर्थकों ने कांग्रेस कार्यालय को भी घेर लिया था।

वहीं मुख्यमंत्री पद के दूसरे बड़े दावेदार सुखविंदर सुक्खू भी लंबे इंतजार के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनके आते ही समर्थकों ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और ऑफिस के अंदर ले गए। इस दौरान सुक्खू और प्रतिभा सिंह समर्थकों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। समर्थकों को संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को बुलाया गया है। इससे पहले



दोपहर तीन बजे होने वाली मीटिंग सुक्खू समर्थक विधायकों के न आने से 6 बजे तय की गई थी। हालांकि यह डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुई। सुक्खू अपने 18 समर्थक विधायकों के साथ अनट्रेसेबल थें। उन्होंने अपना नंबर भी बंद कर दिया था। बड़े नेताओं के मान मनौवल के बाद वे देर शाम पार्टी कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस कार्यालय के बाहर सुक्खू के बाद प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन शुरू कर दिया। समर्थकों ने प्रतिभा सिंह के विधायक बेटे विक्रमादित्य सिंह को कंधे पर उठाकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह के लिए उनके समर्थकों ने %शेर आया, शेर आया% के नारे लगाए।

## राज्यसभा में भाजपा सांसद ने पेश किया समान नागरिक संहिता बिल

नई दिल्ली।



राज्यसभा में शुक्रवार को भारी हंगामे के बीच भापजा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने %भारत में समान नागरिक संहिता विधेयक, 2020% पेश किया। जिसका विपक्षी सदस्यों ने जमकर विरोध किया। बिल को पेश करने के बाद मतदान हुआ, जिसके पक्ष में 63 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 23 वोट डाले गए। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के वादे को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भाजपा यह प्रस्ताव रखा।

बता दें कि देश में इस मुद्दे पर काफी लंबे समय से सियासी घमासान जारी है। इस बिल में मांग की गई है कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए एक National Inspection & Investigation Commission बनाया जाए। अब राज्यसभा में भी शीतकालीन सत्र के दौरान यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया गया है।

समान नागरिक संहिता भारत में नागरिकों के व्यक्तिगत कानूनों को बनाने और लागू करने का एक प्रस्ताव है, जो सभी नागरिकों पर उनके धर्म, लिंग और यौन अभिविन्यास की परवाह किए बिना समान रूप से लागू होता है।

वर्तमान में, विभिन्न समुदायों के व्यक्तिगत कानून उनके धार्मिक शास्त्रों द्वारा शासित होते हैं। यह कोड संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आता है, जो बताता है कि भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। विशेष रूप से, भाजपा के 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में, पार्टी ने सत्ता में आने पर यूसीसी के कार्यान्वयन का इसका वादा किया था।

बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू हुआ है और इसमें 17 कार्य दिवस होंगे।

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का राहुल गांधी से 5वां सवाल : पूछा

## क्या मंदिरों में जाना सियासी पाखंड है, रामनवमी-हिंदू नववर्ष पर पाबंदी क्यों?

जयपुर।

बीजेपी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पांचवा सवाल पूछा है। पूनिया ने कहा- क्या आपका मंदिरों में जाना सियासी पाखंड भर है या जरा भी कोई आस्था आपके मन में है  क्या आपके पास जवाब है कि रामनवमी और हिंदू नववर्ष पर आपकी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने प्रतिबंध क्यों लगाया?

पूनिया ने कहा-राहुल गांधी की मंदिरों में आस्था होती, तो अलवर के राजगढ़ में तोड़े गए 300 साल पुराने भगवान शिव जी के मंदिर का संज्ञान जरूर लेते। उदयपुर के कन्हैयालाल दर्जी की हत्या और उसके बाद लगातार बहुसंख्यक लोगों पर अत्याचार हुए, वह राजस्थान में किसी से छुपा नहीं है। हिजाब के मसले में कोटा में क्न्नद्व को परमिशन दी जाती है, दूसरी तरफ करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा को दंगे की आग से झुलसा दिया जाता है।

**क्या आपका मंदिरों में जाना सियासी पाखण्ड है?**-पूनिया बोले- मैं देखता हूं कि राहुल गांधी अपनी यात्रा में अक्सर मंदिरों में जाते हैं, क्या आपका मंदिरों में जाना सियासी पाखंड भर है या जरा भी कोई आस्था आपके मन में है? अगर ऐसा होता तो आप अलवर के राजगढ़ में तोड़े गए मंदिर मामले में जरूर कुछ कदम उठाते। मुझे लगता है कि अगर आपकी आस्था होती



तो राजस्थान की सरकार ने जो तुष्टीकरण की पराकाष्ठा की, उस पर सवाल जरूर करते।

**बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के 5 सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया**-बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पिछले 5 दिन से लगातार राहुल गांधी से सवाल पूछ रहे हैं। राहुल गांधी की 18 दिन की राजस्थान यात्रा के दौरान पूनिया ने रोजाना एक सवाल उनसे पूछने का निर्णय लिया है। जिसके तहत पूनिया रोजाना एक सवाल पूछ रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी और राजस्थान की कांग्रेस सरकार उनके किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस भी उनके सवालों पर जवाब देना उचित नहीं समझ रही है। इसलिए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के सारे सवाल खाली ही जा रहे हैं। हालांकि पूनिया जनता और मीडिया तक लगातार अपने सवाल पहुंचा रहे हैं।

## शादी के घर में फटे सिलेंडर, अब तक 7 मौतें

### जोधपुर में घायलों से मिले सीएम

जोधपुर।

जोधपुर में शादी के घर में हुए सिलेंडर ब्लास्ट में आज सुबह इलाज के दौरान तीन महिलाओं और दोपहर में दो बच्चों की मौत हो गई। गुरुवार को हुए इस हादसे में अब तक चार बच्चों सहित कुल 7 लोगों की जान चली गई है, जबकि 40 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। सभी का जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घायलों से मिलने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। सुबह जोधपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को बचाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसकी जांच होगी। आज सुबह सांसद हनुमान बेनीवाल भी घायलों से मिले थे। वहीं, डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कच्छावा ने हादसे में गंभीर रूप से झुलसी तीन महिलाओं धापू कंवर, कंवरू और चंदन कंवर और दो बच्चों की आज हुई मौत की पुष्टि की है। इस भीषण हादसे में करीब 20 परिवारों के 60 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। वहीं, दो घरों में शादियों की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

### बैडमिटंन लीग से खेलो जयपुर की शुरूआत

## कृष्णा पूनिया संग कोर्ट पर उतरी मेयर सौम्या गुर्जर ने खेला बैडमिंटन



जयपुर।

ग्रामीण ओलंपिक की तर्ज पर जयपुर में भी 'खेलो जयपुर' का आगाज हो गया। आज जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने इसकी शुरुआत वैशाली नगर स्थित एक खेल मैदान में बैडमिंटन लीग से की। इस मौके पर मेयर ने बैडमिंटन कोर्ट पर राज्य क्रीड परिषद की अध्यक्ष और पूर्व एथलीट कृष्णा पूनिया संग मैच खेला।

कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर मेयर ने कहा- जयपुर में हम बड़े स्तर पर खेलों का आयोजन करवाएंगे। क्योंकि जब जनता खेलेगी तो वह स्वस्थ रहेगी और वह स्वस्थ्य रहेगी तभी जयपुर स्वच्छ बनेगा। इसके लिए उन्होंने हर वार्ड में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के लिए कहा। इसके लिए वार्ड के पार्षदों से जल्द प्रस्ताव और सुझाव मांगे जाएंगे। इस आयोजन में बैटमिंटन के अलावा क्रिकेट, रस्साकस्सी, म्यूजिकल चेयर करवाए जाएंगे। क्रिकेट के लिए पार्षदों और अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी, जिसके बीच मैच करवाया जाएगा।

### बजट से पहले अशोक गहलोत ने किसानों के साथ की बैठक

## हर साल किसानों का बजट अलग पेश किया जाएगा : गहलोत

नई दिल्ली

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों के साथ बड़ी बैठक की है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब राजस्थान सरकार की ओर से बजट पेश किया जाने वाला है। आपको बता दें कि राजस्थान में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। यही कारण है कि इस बार अशोक गहलोत सभी वर्गों को साधते हुए बजट लाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने किसानों के साथ बड़ी बैठक की है। बैठक के बाद उन्होंने भाजपा पर भी जबरदस्त तरीके से तंज कसा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि लोकतंत्र में आलोचना सुनना चाहिए। हम भाजपा वालों की तरह नहीं है जो आलोचना को बर्दाश्त ना कर पाए। हम इसे सुनेंगे, इसमें सुधार करेंगे और फिर आगे बढ़ेंगे।

अपने बयान में कांग्रेस नेता ने कहा कि अब हर साल किसानों का बजट अलग पेश किया जाएगा। इससे किसानों में जागरूकता आएगी कि सरकार किसानों का अलग बजट पेश कर रही है तो हम(किसान) उनको नए-नए सुझाव दें। उन्होंने कहा कि इससे हम और आगे बढ़ेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की आलोचना होती है उनकी कमी बताई जाती है, हम उनका स्वागत करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम भाजपा वालों की तरह नहीं है कि आलोचना को बर्दाश्त ना करें। इसके साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली बार अलग से कृषि बजट लाने का ऐतिहासिक निर्णय किया।

गहलोत ने कहा कि प्रदेश की करीब दो-तिहाई आबादी विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं पानी की कमी के बावजूद अपनी मेहनत से कृषि के क्षेत्र में प्रदेश को हमेशा अग्रणी पायदान पर रखने का सार्थक प्रयास करती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि बजट में ऐसे प्रावधान करें, जिससे राज्य के किसानों तथा पशुपालकों की आय बढ़े और वे खुशहाल हों।



## चक्रवात मैंडूस से तमिलनाडु में खतरा बढ़ा : तटीय इलाकों में सैकड़ों पेड़ उखड़े, 13 जिलों में स्कूल बंद



चेन्नई

साइक्लोन मैंडूस के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों में जमकर बारिश हो रही है। तेज हवाओं और आंधी से सैकड़ों पेड़ उखड़ गए हैं। यहां 13 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इधर, चेन्नई में तेज बारिश और हवाओं की वजह से 13 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी हैं। हालात को देखते हुए चेन्नई में एनडीआरएफ को तैनात किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार मैंडूस बंगाल की खाड़ी में वेस्ट से नॉर्थ वेस्ट की तरफ बढ़ रहा है। यह 9 दिसंबर की रात पुडुचेरी और श्रीहरिकोटा के बीच उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। उस वक्त हवा की रफ्तार 65-75 किमी प्रति घंटे होने का अनुमान है। साइक्लोन के तट से टकराने के दौरान हवा की रफ्तार बढ़कर 105 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

**पुडुचेरी- कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद**-ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन कमिश्नर ने मैंडूस साइक्लोन के खतरे को देखते हुए लोगों से पेड़ों के आसपास अपनी गाड़ियां पार्क न करने को कहा है। सभी पार्क और प्ले ग्राउंड बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही लोगों को शुक्रवार और शनिवार समुद्र के किनारे न जाने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री ए नमस्सिवम ने कहा कि पुडुचेरी और कराईकल में सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

**आंध्र प्रदेश में साइक्लोन के असर से तेज बारिश**-तमिलनाडु के साथ मैंड्रोस के असर से आंध्र प्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। शुक्रवार को प्रसिद्ध तीर्थ स्थान तिरुमाला तिरुपति में बारिश की वजह से अफरातफरी मच गई। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बालाजी के दर्शन करने पहुंचते हैं। वे सभी बारिश से बचने के जतन करते नजर आए।



## सम्पादकीय

# चुनाव और चुनौतियां

एक नगर निगम और दो विधानसभा चुनावों के नतीजों पर सबकी नजर लगी हुई थी। तीनों जगह सत्ताधारी भाजपा की साख दांव पर थी। सबसे अधिक दिलचस्पी गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर बनी हुई थी। माना जा रहा था कि वहां सत्ताविरोधी लहर है और भाजपा को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। सदा से वहां कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर होती आई है, मगर इस बार एक तीसरी पार्टी पूरे जोशो-खरोश के साथ मैदान में उतरी थी और उसका दावा था कि वह वहां सरकार बनाएगी। आम आदमी पार्टी वहां सबसे पहले चुनाव प्रचार में जुट गई थी और लोगों का शुरुआती रुझान उसकी तरफ दिख भी रहा था। फिर यह भी आंकड़ा बार-बार दोहराया जा रहा था कि पिछले तीन विधानसभा चुनावों से वहां भाजपा की सीटों में कमी और कांग्रेस की सीटों में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। इसलिए इस बार नतीजे भाजपा के खिलाफ जाने के कयास लगाए जा रहे थे। मगर भाजपा ने इस चुनाव में सारे कयासों को पटखनी देते हुए अभूतपूर्व विजय हासिल की है। विश्लेषक इसके पीछे जो भी कारण मानते हों, पर हकीकत यह है कि भाजपा ने न सिर्फ डेढ़ सौ से ऊपर सीटें अपने कब्जे में की है, बल्कि इसमें पहले की तुलना में उसका मत प्रतिशत भी बढ़ा है। जाहिर है कि वहां भाजपा पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है।

हिमाचल प्रदेश में भाजपा को जरूर कुछ अधिक संघर्ष करना पड़ा, मगर वहां उसे शिकस्त इसलिए नहीं खानी पड़ी कि कांग्रेस ने उससे बेहतर प्रदर्शन किया या उसके पास बेहतर चुनावी मुद्दे थे। बल्कि इसलिए संघर्ष करना पड़ा कि भाजपा ने वहां शुरू से ही अपनी रणनीति अच्छी तरह नहीं बनाई थी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कामकाज से लोग संतुष्ट नहीं थे, मगर केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी जगह किसी और को कमान सौंपने के बजाय उन्हें कार्यकाल पूरा करने दिया, जबकि गुजरात में पूरा मंत्रिमंडल ही बदल दिया था।

फिर टिकट बंटवारे के समय प्रत्याशियों के चुनाव में ठीक से समीकरण तय नहीं किया गया। कई कद्दावर नेताओं के टिकट काट दिए गए, जिससे नाराज होकर वे बागी हो गए। वे निर्दलीय मौदान में उतरे और भाजपा का नुकसान कर गए। जिन सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है, उसमें मतों का अंतर बहुत कम है। इससे भाजपा दावा कर सकती है कि हिमाचल में भी उसका जनाधार कमजोर नहीं हुआ है। मगर जनतंत्र संख्याओं का खेल है और इस खेल में कांग्रेस विजयी हुई है। दिल्ली में कहने को नगर निगम का चुनाव था, मगर वह भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच इस कदर मूंछ की लड़ाई बन चुका था कि पूरे देश की उसमें दिलचस्पी बनी हुई थी। आखिर आम आदमी पार्टी ने उसमें बहुमत हासिल कर लिया। मगर भाजपा का प्रदर्शन भी निराशाजनक नहीं कहा जा सकता। सौ से ऊपर सीटें आईं। जिन सीटों पर उसे हार मिली उन पर मतों का अंतर बहुत कम देखा गया।

मगर इन तीनों चुनावों में जिस तरह भाजपा को मेहनत करनी पड़ी, उससे स्पष्ट हो गया कि ये चुनाव उसके लिए आसान नहीं थे। जबकि हर जगह मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस बहुत ढीले-ढाले ढंग से मैदान में उतरी थी। उत्तर प्रदेश की एक लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में भी भाजपा को ज्यादातर जगहों पर पटखनी मिली। इसलिए ये चुनाव एक तरह से भाजपा के लिए संकेत हैं कि उसका पहले वाला जादू बरकरार नहीं रह गया है।

# बैंक कारोबार की कठिन राह

**महंगी ऋण दर की वजह से सूक्ष्म, लघु, मझोले और बड़े उद्योग ऋण लेने से परहेज कर रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ने लगी हैं। सितंबर की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.3 फीसद दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में यह 13.5 फीसद थी। कोरोना महामारी के बाद उधारी में तेज उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है, लेकिन पिछले बारह महीनों में बारह सरकारी बैंकों में से महज चार ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक को छोड़ कर अन्य बैंकों की उधारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ऋण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। हालांकि, बैंक जमा पर ब्याज दर बढ़ा और बैंक बांड के जरिए भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में समग्र रूप से बाईस फीसद की तेजी आई है। सरकारी बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में बीस फीसद की वृद्धि हुई है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों के शुद्ध ब्याज आय में 24.5 फीसद की।**

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.35 फीसद की बढ़ोतरी की है, जिससे रेपो दर 5.90 से बढ़ कर 6.25 फीसद हो गई है। मई 2022 के बाद रेपो दर में 2.25 फीसद की बढ़ोतरी सिर्फ महंगाई को नियंत्रित करने के लिए की गई है। उपभोक्ता मूल्य पर आधारित खुदरा महंगाई दर (सीपीआइ) अक्तूबर महीने में घट कर 6.77 फीसद हो गई, जो सितंबर महीने में 7.41 फीसद थी। खुदरा महंगाई में लगातार दो महीने बढ़ोतरी होने के बाद गिरावट दर्ज की गई है। बावजूद इसके, खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा छह फीसद से ऊपर बनी हुई है। अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई में गिरावट दर्ज होने के बाद रिजर्व बैंक का विश्वास महंगाई को नियंत्रित करने की अपनी मौजूदा नीति पर बढ़ा है और इसी वजह से उसने रेपो दर में फिर से बढ़ोतरी की है। केंद्रीय बैंक के इस रुख से कर्ज महंगे होंगे और बैंकों की पूंजी लागत बढ़ जाएगी, जिसके कारण उन्हें फिर से ऋण दर बढ़ानी होगी। बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी का कारण उधारी के उठाव में तेजी आना है, लेकिन बैंक जमा में उधारी के अनुपात में वृद्धि नहीं हो पा रही है। उधारी और जमा दर में भारी अंतर से बैंकों के समक्ष तरलता का संकट पैदा होने की संभावना बढ़ गई है। आगामी तिमाहियों में कंपनियों और बैंकों का मुनाफा प्रभावित होने की भी गुंजाइश है।

इधर, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों के मुनाफे में उल्लेखनीय वृद्धि होने के बाद कहा जा रहा है कि बैंकिंग क्षेत्र की मुश्किलें कम हो गई हैं, लेकिन बैंकों की सेहत को सिर्फ मुनाफे के पैमाने पर नहीं मापा जा सकता। बैंकों के मुनाफे में बढ़ोतरी का एक महत्त्वपूर्ण कारण एनपीए और आकस्मिकता के मद में किए जा रहे प्रावधानों की राशि में उल्लेखनीय कटौती करना है। समग्र रूप से बैंकों ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में प्रावधान की जा रही राशि में तेरह फीसद की कटौती की है। निजी बैंकों ने पैंतालीस फीसद, जबकि सरकारी बैंकों ने अठारह फीसद की कटौती की है। इस अवधि में बैंकों के व्यय में बारह फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि शुल्क आधारित आय में दो फीसद की गिरावट दर्ज हुई है। समग्र रूप में देखें तो सरकारी बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ इंडिया को छोड़ कर अन्य सभी सरकारी बैंकों का मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 की सितंबर तिमाही में पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में अधिक रहा है। इस तरह, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बारह सरकारी बैंकों ने 25,685 करोड़ रुपए और चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 40,991 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया, जो पिछले साल के मुकाबले क्रमशः पचास फीसद और 31.6 फीसद अधिक है। इस अवधि में निजी बैंकों का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। अठारह निजी सूचीबद्ध बैंकों में से केवल दो के शुद्ध लाभ में इस अवधि में कमी देखी गई है। इनका शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले वार्षिक आधार पर चौंसठ फीसद बढ़ कर 32,150 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 की सितंबर तिमाही में सूचीबद्ध बैंकों का एनपीए घट कर 6.62 लाख करोड़




रुपए रह गया, जिसमें सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 4.87 लाख करोड़ रुपए है। इनका शुद्ध एनपीए 1.68 लाख करोड़ रुपए है, जिसमें सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 1.29 लाख करोड़ रुपए है। मार्च 2018 में सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए 10.4 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि शुद्ध एनपीए 5.2 लाख करोड़ रुपए था। इस अवधि में सरकारी बैंकों का सकल एनपीए 8.96 लाख करोड़ रुपए था, जबकि शुद्ध एनपीए 4.54 लाख करोड़ रुपए। निजी क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए 1.29 लाख करोड़ रुपए और शुद्ध एनपीए चौंसठ हजार करोड़ रुपए था। हालांकि,एनपीए में कमी आने का कारण वसूली नहीं है। मार्च 2022 तक बैंकिंग क्षेत्र ने सकल एनपीए में कुल 7 लाख 29 हजार 388 करोड़ रुपए की कमी आई, लेकिन वास्तव में बैंकों ने विगत पांच सालों में बट्टे खाते में डाले गए या माफ किए गए कर्ज से केवल एक लाख 32 हजार 36 करोड़ रुपए की वसूली की है। इस तरह, एनपीए में आई कमी का एक बड़ा कारण कोरोना महामारी के दौरान सरकार और केंद्रीय बैंक दारा एनपीए के नियमों को शिथिल करना और कारोबारियों को नीतिगत और वित्तीय सहायता मुहैया कराना है।

तीन बैंकों को छोड़ कर सभी सूचीबद्ध बैंकों के प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) सितंबर तिमाही में बढ़ा है, जो यह बताता है कि बैंकों की 'बैलेंस शीट' पहले से मजबूत हुई हैं। आइडीबीआइ बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 97.86 फीसद है, जबकि 96.06 फीसद पीसीआर के साथ बैंक आफ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। दो निजी बैंकों को छोड़ कर सभी सूचीबद्ध बैंकों का प्रावधान कवरेज अनुपात सत्तर फीसद से अधिक है, लेकिन इसे अपेक्षित नहीं कहा जा सकता। बैंकों को पीसीआर के फीसद में और बढ़ोतरी करने की जरूरत है, ताकि उनकी 'बैलेंस शीट' की सेहत में और भी सुधार आ सके। निस्संदेह, चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में बैंकों के मुनाफे में बेहतरी आई है, लेकिन बैंकों का प्रदर्शन सभी मानकों पर अब भी बेहतर नहीं हुआ है। मुनाफे में बेहतरी आने का कारण गैर निष्पादित संपत्तियों और आकस्मिक मद में किए जा रहे प्रावधान में कटौती करना है, लेकिन एनपीए में कमी आने का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा उद्योगों और कारोबारियों को दी जा रही सहायता है। ब्याज आय में बढ़ोतरी का कारण उधारी में तेजी आना है, लेकिन जमा में वृद्धि न होने से आने वाली तिमाहियों में बैंकों के मुनाफे में कमी आने की संभावना है।

## आज का राशिफल

### मेष

नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतियोगी वातावरण रहेगा, इसमें से बाहर आने का प्रयत्न सफल साबित होगा। किसी छोटी यात्रा की संभावना है। बौद्धिक तथा लेखन कार्य के लिए आज का दिन अच्छा है।

### वृषभ

आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। मन की दुविधा के कारण ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। इसके परिणाम स्वरूप हाथ में आए हुए अवसर खो सकते हैं। शर्मीले व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

### मिथुन

लेखक, कारीगर, कलाकारों को अपने कौशल प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। आपकी बातें दूसरों को प्रभावित करेंगी। आपका काम आसानी से पूरा होगा। हालांकि, आज किसी नए काम की शुरुआत करना उचित नहीं होगा।

### कर्क

आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त होने से आप अधिक खुश होंगे।

### सिंह

शरीर और मन में बेचैनी तथा अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा के कारण आपकी निर्णय शक्ति प्रभावित होगी। विशेष रूप से परिजनों के साथ मनमुटाव का प्रसंग बनने से मन में उदासी बढ़ेगी।

### कन्या

धन का खर्च बढ़ेगा। गलतफहमी या वाद-विवाद से दूर रहने की जरूरत है। आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा।

### तुला

मित्र-मंडल, स्त्री वर्ग और बुजुर्गों से लाभ होगा। नौकरी व्यवसाय में पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ अधिक निकटता का अनुभव होगा। आज का दिन शुभ फलदायी है।

### वृश्चिक

नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

### धनु

परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। किसी लंबी दूरी या धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। विदेश यात्रा भी हो सकती है। नौकरी पेशावालों को आज अधिकारियों तथा सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा।

### मकर

विरोधियों के साथ गंभीर चर्चा न करें। धन का खर्च होगा। आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे।

### कुंभ

क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं। पानी वाली जगह से दूर रहें। आज ज्यादा खर्च होगा। आपका आज का दिन सुख-शांति में व्यतीत होगा।

### मीन

मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# पपीते को कभी न खाएं इस फूड के साथ, बन जाता है जहरीला

आज चाहे वजन घटाना चाह रहे हो, पाचन को सुधारना या फिर डायबिटीज को मैनेज करना चाह रहे हों, एक फल है जो सभी एक्सपर्ट्स खाने की सलाह देते हैं और वह है पपीता। ऐसा इसलिए क्योंकि इस फल के कई स्वास्थ्य लाभ है। पपीता विटामिन-ए, सी, खनीज और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आम फल टॉक्सिक और जानलेवा भी बन सकता है अगर इसे इस एक चीज के साथ मिलाकर खाया जाए।

**पपीता फायदेमंद कैसे है :** पपीता, डाइटरी फाइबर, प्रोटीन, फैट्स, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन-सी, ए, ई, बी, खनीज और एल्फा और बीटा-कैरोटीन, ल्यूटिन और ज़ेक्सैन्थिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों से भरा होता है, जो कोशिका पुनर्जनन में मदद करते हैं और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं। ज्यादातर फिटनेस एक्सपर्ट्स इस फल को रोज़ाना खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि यह डाइटरी फाइबर से भरा होता है और इसका ग्लायसीमिक इंडेक्स 60 है, जो इसे डायबिटीज़ के लिए भी फायदेमंद बनाता है।

**नींबू के साथ जहरीला बन जाता है पपीता :** अगर आप अपने पपीते के सलाद में नींबू का रस भी एड करते हैं, तो यह आपको फायदा पहुंचाने की जगह नुकसान करेगा। नींबू और पपीता साथ मिलकर ज़हरीले हो जाते हैं और इससे एनीमिया और हीमोग्लोबिन असंतुलन होता है, जो बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए भी खतरनाक हो सकता है।




# चमेली की पत्तियों में होते हैं कई गुण, सिरदर्द से लेकर मुंह के छालों तक, कई परेशानियां करेंगी दूर

चमेली के फूलों की खुशबू मनमोहक होती है। इसलिए कई लोग अपने घरों के आसपास चमेली के फूलों की बेल लगाते हैं। स्वास्थ्य के लिए भी चमेली के फूल काफी फायदेमंद होते हैं। इसके साथ ही इसकी पत्तियां भी आपको कई तरह की समस्याओं से दूर रख सकती हैं। चमेली के पत्तों से आप मुंह में छाले से लेकर सिरदर्द की परेशानियों तक, कई समस्याएं दूर कर सकते हैं। चमेली के फूलों की तरह इसकी पत्तियों में कई औषधीय गुण होते हैं। इसकी पत्तियों से तैयार अर्क का चेहरे पर इस्तेमाल करने से स्किन को स्वस्थ रखा जा सकता है। यह मुंह के छालों, कान दर्द, जैसी कई अन्य समस्याओं से राहत दिला सकती हैं।



**सिरदर्द से दिलाए राहत :** चमेली के फूलों की तरह इसकी पत्तियां भी सिरदर्द से राहत दिलाने में असरदार हो सकती हैं। सिरदर्द की परेशानी में इसकी पत्तियों को पीस लें। अब इसे अपने सिर और नाक के आसपास लगाएं। इससे आपके सिर को ठंडक मिलेगी, जो सिरदर्द से आराम दिलाने में प्रभावी हो सकती है।

**चमेली की पत्तियां मुंह के छालों से दिलाती हैं आराम :** चमेली की पत्तियों के इस्तेमाल से आप मुंह के छालों को कम कर सकते हैं। मुंह के छालों की परेशानी को दूर करने के लिए 50 ग्राम के करीब चमेली की पत्तियां लें। इसके बाद इसमें 1 गिलास पानी डालकर इसे अच्छे से उबाल लें। इस काढ़े से दिन में दो बार गरारे करें। इससे मुंह के छालों की परेशानी दूर हो सकती है।

**पेट में कीड़े की परेशानी करे दूर :** वयस्कों की तुलना में बच्चों को पेट में कीड़े की परेशानी अधिक होती है। अगर आपको या आपके बच्चों को इस तरह की समस्या हो रही है, तो चमेली की पत्तियां आपके लिए काफी प्रभावी हो सकती हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 10 ग्राम करीब चमेली के पत्ते लें। अब इन पत्तों को 1 गिलास पानी में डालकर काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े को चाय की तरह पिएं। इससे पेट में कीड़े की परेशानी दूर हो सकती है।

**कान दर्द से दिलाए राहत :** चमेली की पत्तियां कान दर्द की परेशानी को दूर करने के लिए भी फायदेमंद होती हैं। कान दर्द से राहत पाने के लिए 100 ग्राम तिल के तेल में 20 ग्राम चमेली की पत्तियों को डालकर अच्छे से गर्म करें। अब इस तेल को एक शीशी में भरकर रख दें। अब जरूरत पड़ने पर दोनों कानों में 1-1 बूंद इस तेल को डालें। इससे कान में दर्द की परेशानी दूर होगी। आप चाहें, तो इस तेल में एलोवेरा जेल भी एड कर सकते हैं। हालांकि, यह ऑप्शनल है। इससे कान दर्द से तुरंत आराम मिलेगा।

### स्किन की बढ़ाए चमक

स्किन की चमक को बढ़ाने के लिए चमेली की पत्तियां लाभकारी हो सकती हैं। स्किन की परेशानियों को दूर करने के लिए चमेली की पत्तियों को पीस लें। अब इन पत्तियों में 1 चम्मच एलोवेरा जेल और शहद की कुछ बूंदें मिक्स करें। इसके बाद इस लेप को अपने चेहरे पर लगाएं। करीब 20 मिनट बाद चेहरे को धो लें। इससे स्किन की चमक बढ़ेगी। साथ ही स्किन से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी।

### फटी एड़ियों की समस्या से दिलाए छुटकारा

फटी एड़ियों की परेशानियों को दूर करने के लिए भी चमेली की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए चमेली की पत्तियों को पीस लें। अब इस पेस्ट में 1 से 2 बूंद बादाम तेल मिक्स कर लें। तैयार पेस्ट को अपनी एड़ियों पर लगाएं। इससे फटी एड़ियों की परेशानी दूर हो सकती है।

# रोज सुबह खाली पेट खाएं अखरोट, मिलेंगे कई फायदे

अखरोट पोषक तत्वों से भरपूर होता है। अखरोट खाने से ब्रेन पावर तेज होती है। यह पाचन तंत्र को भी दुरुस्त करता है, साथ ही कब्ज की समस्या को भी ठीक करता है। रोजाना अखरोट खाने से शरीर की इम्यूनिटी भी तेज होती है। लेकिन अगर अखरोट को खाली पेट खाया जाता है, तो शरीर इसके पोषक तत्वों को अच्छी तरह से अवशोषित कर लेता है।



### अखरोट में पोषक तत्व

अखरोट सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। अखरोट में पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। अखरोट में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा अखरोट में फॉस्फोरस, कॉपर, ओमेगा 3 फैटी एसिड भी अच्छी मात्रा में होता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में अखरोट को जरूर शामिल करना चाहिए।

### पोषक तत्वों का अवशोषण

खाली पेट अखरोट खाने से हम हमेशा सेहतमंद रह सकते हैं। खाली पेट अखरोट खाने से शरीर इसमें मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स को पूरी तरह से अवशोषित कर लेता है। इससे शरीर के अखरोट में मौजूद सभी पोषक तत्व आसानी से मिल जाते हैं।

### कब्ज से राहत

सुबह खाली पेट अखरोट खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। अखरोट खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है। दरअसल, अखरोट में फाइबर की मात्रा अधिक होता है। फाइबर भोजन को पचाने में आंतों की मदद करता है। इससे मल नरम बनता है, मल त्याग में आसानी होती है।

### नींद अच्छी आती है


तनाव, अवसाद और चिंता की वजह से नींद पर असर पड़ता है. आजकल कई लोगों को नींद न आने की समस्या होती है। ऐसे में आप अखरोट का सेवन कर सकते हैं। अखरोट खाने से तनाव दूर होता है और नींद काफी अच्छी आती है।

### इम्यूनिटी बूस्ट करे

खाली पेट अखरोट खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता तेज होती है। दरअसल, खाली पेट अखरोट खाने से हमारा शरीर अखरोट के विटामिन्स और मिनरल्स को आसानी से ग्रहण कर लेता है। ऐसे में हमारी इम्यूनिटी तेज होती है।

## पांचवा रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा, बोलेरो पलटने से युवक की मौत

### आवारा गौवंश सड़क पर आ जाने से हुआ हादसा पांचवा रोड पर हुआ यह हादसा



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** क्षेत्र में लगातार निराश्रित गोवंश की वजह से हादसों की खबरें आ रही है। आए दिन कहीं ना कहीं हादसे होते रहते हैं। गुरूवार की रात्रि में भी पांचवा रोड पर एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार परेवड़ी गांव के रहने वाला युवक अपने रिश्तेदार को कुचामन छोड़कर वापस अपने गांव जा रहा था। रास्ते में निराश्रित पशु सड़क के बीच आने के कारण कार पलटने से व्यक्ति की मौत हो गई है। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष परसाराम बुगालिया और ग्रामीणों ने गाड़ी के नीचे दबे युवक को बाहर निकालकर निजी वाहन से कुचामन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी में आया कि परेवड़ी गांव का महिपाल सिंह नाम का युवक अपने परिवार में शादी समारोह से रिश्तेदार को कुचामन छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था कि गोपालपुरा स्टैंड के पास सड़क पर गोवंश आने की वजह से ड्राइवर हक्का-बक्का रह गया और बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी मार गई। हादसे में चालक महिपाल की मौत हो गई जबकि उसके साथ उसका रिश्तेदार लोकेंद्र सिंह के मुंह पर चोट लगी है।

## मतदाता सूची में समय से पूर्व लक्ष्य पूर्ण करने वाले बीएलओ का किया सम्मान

मोहम्मद शहजाद

**मकरान( नागौर डेली न्यूज )।** भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने हेतु 17 प्लस आयु वर्ग के विद्यार्थियों, छात्र छात्राओं के प्रपत्र 6 में अग्रिम आवेदन लेने, 18 व 19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम जोड़ने एवं मतदाता सूचियों में वंचित रही महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने बाबत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मकराना में अभियान चलाकर 09 नवम्बर 2022 से 20 दिसम्बर 2022 तक अभियान के तहत लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी समीक्षा बैठक शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय में उपखंड अधिकारी जेपी बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान उपखंड के बीएलओ, सुपरवाइजर ने प्रगति रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान निर्वाचन विभाग से प्राप्त लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में बूथ वार आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध बीएलओ द्वारा अर्जित प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें न्यून प्रगति अर्जित बीएलओ एवं सुपरवाइजर को आगामी 3 दिनों के भीतर सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया एवं लापरवाही बरतने वाले बीएलओ सुपरवाइजर के विरुद्ध निर्वाचन नियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वीप गतिविधियों के तहत छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यम से वोटर्स पोर्टल की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान घर-घर सर्वे कर आधार सूचना एकत्रीकरण कर मतदाता सूची में दर्ज करते हुए शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने हेतु निर्देशित किया गया।

### इनका किया सम्मान

निर्वाचन विभाग से प्राप्त लक्ष्य अनुसार शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ शकूर अली अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानी गांव, बन्नाराम प्रबोधक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नांदोली चांदावत, अर्जुन राम बागड़ी वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चावंडिया, शाहनवाज हुसैन अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जरों की ढाणी जूसरी, ईश्वर सिंह शेखावत वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माताभर मकराना, मोहम्मद सलीम अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 1 मकराना, आनंद कुमार आर्य प्रबोधक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नांदोली चांदावत, रमेश कुमार पारीक अध्यापक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना, रामकिशोर मीणा अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिलेरिया नाड़ा मकराना को शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्व करने पर उपखंड अधिकारी जेपी बैरवा, चुनाव शाखा प्रभारी रामावतार बंजारा ने माला पहना कर सम्मान किया।

## विप्र समाज के नेता शर्मा की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

श्यामसुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा के भारी मतों से ऐतिहासिक निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्राम मीठड़ी में विप्र समाज के प्रबुद्धजनों की एक मीटिंग का आयोजन रखा। विप्र समाज मीठड़ी के अध्यक्ष राधेश्याम शास्त्री के नेतृत्व में समाज संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं समाज बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस जीत की स्वर्गीय पंडित भंवरलाल शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि बताया एवं अनिल शर्मा को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर नंदकिशोर गौड़ उपाध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण महासभा जिला नागौर, धरणीधर मिश्रा, गोपाललाल जोशी, बनवारी लाल जोशी, हरिप्रसाद जोशी, शिवप्रसाद पारीक, हरीश पारीक, कमल काछवाल, विजय कुमार काछवाल, महावीर प्रसाद पाराशर, सीताराम खंडेलवाल, राम कृष्ण गौड़ सहित आदि विप्र समाज संगठन के प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## कुरैशी समाज के दूसरे विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आलनियावास में कासिम अली बाबा की दरगाह के पास कुरैशी समाज के मेंबरों की एक बैठक हुई, जिसमें समाज में दूसरा विवाह सम्मेलन की तैयारियों के बारे में चर्चा हुई। समाज में हो रही फिजूलखर्ची को रोकने के लिए विवाह सम्मेलन करने पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन 25 दिसंबर 2022 को होगा जिसमें 74 जोड़ों का दूल्हा दुल्हन चयन किया गया। विवाह सम्मेलन में समाज को एक नई दिशा मिलेगी। विवाह सम्मेलन की बैठक में पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री प्रतिनिधि हाजी इंसाफ अली, भकरी सरपंच अख्तर हुसैन, बशीर अहमद, हसन मोहम्मद हारून अली, मुजफ्फर हुसैन, वाहिद अली अजमेर, इकबाल अहमद, मुजफ्फर अली, कयामुद्दीन बुधवाड़ा, रशीद अहमद, जरार अहमद रिया बड़ी, गुलाम मुस्तफा, हाजी अनवर अहमद, इस्लामुद्दीन ग्रामसेवक, मास्टर मुस्ताक अहमद गोविंदगढ़, शेरू मोहम्मद, मोहम्मद इस्माइल, कयामुद्दीन डीडवाना, मोबीन अहमद, अनवर अहमद, बरकत अली आलनियावास, हाजी जब्बार हुसैन मेड़ता सिटी, खुर्शीद अहमद मेड़ता रोड, जमील अहमद, अशफाक अहमद, फकीर मोहम्मद, एहसान अली, रफीक अहमद भकरी, मुस्ताक अहमद, मोहिद्दीन भेरूंदा, फारूक अहमद, हाजी हनीफ अहमद हरनावा, जमालुद्दीन जिक्रउद्दीन बडू सहित कुरैशी समाज विवाह सम्मेलन के सभी मेंबर उपस्थित रहे।

# युवा जागृति ने रक्तदान को बनाया आसान : कॉमेडियन बनवारी लाल

## नशामुक्ती के लिए सरकार जागृत हो, शिविर में 151 यूनिट रक्त संग्रहण

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** नशाबंदी के लिए समाज द्वारा चलाये जा रहे व्यापक अभियान तबतक निर्रथक है जब तक सरकार स्वयं इस पर गम्भीर होकर कठोर कार्यवाही नही करेगी, नशा समाज के नाश का सबसे सरल और आसान मार्ग है इस ओर हमें गम्भीर होना ही पड़ेगा। स्थानीय सी.के.एस. हॉस्पिटल में एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में बतौर अथिति पहुंच राजस्थानी के मशहूर हास्य अभिनेता बनवारी लाल बन्नू ने यह बात मीडिया से कही। बनवारी लाल ने कहा कि युवाओं शक्ती को सही मार्ग दर्शन की जरूरत है लेकिन इससे भी ज्यादा आवश्यकता हमारी सरकार को सख्त होने की है क्यों कि बिना सख्ती के नशा मुक्ती के सपने को साकार नही किया जा सकता । उन्होंने कहा कि रक्त दान के प्रति आयी जागृति का मुख्य कारण यही है कि हम सबने मिलकर इसके महत्व को समझा और युवाओं ने अग्रिम पंक्ती में आकर अपने दायित्व का निर्वहन किया । आपको बता दे कि इस रक्तदान शिविर में एक सौ इक्क्यावन युवाओं ने रक्तदान किया । सी के एस के निदेशक जुनैद कोटवाल ने बताया कि राजकीय बांगड़ चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया यह आयोजन स्थानीय एचडीएफसी बैंक शाखा द्वारा आयोजित किया गया।

**रक्तदाताओं का किया सम्मान :** शाखा प्रबन्धक परमिंदर सिंह भसीन द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति स्वरूप पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवा समाज सेवी इमरान पड़िहार, पार्षद नासिर मॉडर्न, मोहसिन अल्टीमेट, जिला सीएलजी सदस्य अमजद एच पठान, अमरीश माथुर, असगर खान, इमरान पठान, सुशील गौड़, किस्तूराराम, धन्नाराम, जितेंद्र कुमार, डॉ. सरिता नेतड़, डॉ. सुरेश नेतड, शाहरुख खुनखुना, अजीज तबाक, अल्ताफ खोखर, असफाक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कच्ची बस्ती में बताये सीवर कनेक्शन के फायदे



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधिशाषी अभियंता दीपक मान्डन के मार्गदर्शन में कनिष्ठ अभियंता श्रीकांत यादव के सहयोग से नायकों का मोहल्ला कच्ची बस्ती मे सीवर कनेक्शन के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। इस दौरान कैंप आरयूआईडीपी के बी एल गोठवाल ने आमजन को बताया कि सीवर लाइन में आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम के पानी को जोडा जायेगा तथा इस गंदे पानी को शोधन संयंत्र द्वारा शोधित कर कृषि कार्य हेतु उपयोग में लिया जाएगा और गंदे पानी से होने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया डेंगू आदि से निजात मिलेगी व अपना शहर स्वच्छ बनेगा। इस दौरान एसओटी सदस्य पायल व राधा ने परियोजना में सहयोग की अपील की।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा का किया स्वागत



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे जन आक्रोश अभियान में शामिल होने मकराना आए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा का शहर के मंगलाना रोड़ पर युवा मोर्चा व युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अजय सिंह पंवार द्वारा दुप्पटा, माला पहनाकर व युवा हिंदू गौ रक्षा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा समिति का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार की नाकामी गिनाते हुए बताया कि राजस्थान की सरकार अपने भृष्ट शासन की चरम सीमा पार कर चुकी है, जिसके निजात के लिए अब 2023 में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनानी होगी। इस दौरान जुसरी सरपंच प्रकाश भाकर, केशर सिंह चौहान, चेनाराम गुर्जर, लक्ष्मण राम भाकर, सूरज सिंह नाथावत, सुनील कुमार, अभय प्रताप सिंह, पूरणमल सुरेश कुमावत, प्रवीण चौहन, विजय विश्नोई, सत्यवीर सिंह राठौड़, विजय सैनी, चंपालाल जांगिड़, प्रेम चौधरी, मनोज प्रजापत, सचिन गूर्जर, सुखराम गांधी, अजय कुमार, पशुधन सहायक मुकेश सिंगाड़िया, दीपराम मेघवाल, दिनदयाल आलड़िया सहित अन्य मौजूद रहे।

## जाखेड़ा में जनसुनवाई शिविर का हुआ आयोजन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** इंडियन आयल कोर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को पाइपलाईन परियोजना का कार्य प्रारंभ किया गया। यह पाइपलाइन मुन्द्रा गुजरात से राजस्थान के जालोर, जोधपुर, पाली, नागौर, सीकर तथा झून्झुनू जिलों से होती हुई पानीपत हरियाणा तक जायेगी। इंडियन आयल - सीकर कार्यालय द्वारा इस पाइपलाइन मार्ग पर स्थित खसरों के खातेदारों को पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाईन भूमि मे उपयोग के अधिकार का अर्जन अधिनियम,1962 की धारा 3(1) के अन्तर्गत को नोटिस वितरण का कार्य पूर्ण होने के पश्चात शुक्रवार को डेगाना तहसील के ग्राम जाखेड़ा में कम्पनी की ओर वीरेंद्रसिंह बांकावत प्राधिकृत अधिकारी की अध्यक्षता मे जनसुनवाई शिविर का आयोजन रखा गया, जिसमें किसानों ओर जन सामान्य की आपत्ति एवं सुझावों पर चर्चा की गई। इंडियन आयल के प्रबंधक निर्माण, रवि सोलंकी, उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, नायब तहसीलदार रामेश्वर गटेला, विकास अधिकारी, सरपंच ग्राम पंचायत जाखेडा, आरआई सुशील कुमार, ओके धर्मेन्द्र गोदारा,पटवारी रामकवार विश्नोई हल्का, ग्राम विकास अधिकारी एवं सी ए टीम के सदस्य उपस्थित रहे। प्राधिकृत अधिकारी तथा उपखंड अधिकारी पंकज गढवाल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया एवं पाइप बिछाने के नियम व प्रक्रिया तथा मुआवजा निर्धारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभावित किसानों की शंका समाधान किया। तहसील के ग्राम जाखेडा की राजस्व सीमा के लगभग 80 किसानों के खेतों से होकर ये पाईप लाईन गुजरेगी उन्हें मुआवजा भी दिया जायेगा।

## विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर किए वितरित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुकनवाली (अंग्रेजी माध्यम) की कक्षा 6, 7 व 8 की छात्राओं को कुकनवाली भामाशाह सोहन लाल पुत्र प्रेमसुख शर्मा द्वारा स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाचार्य गोविंद लाल मंडावरिया ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

स्वेटर वितरण कार्यक्रम में कमलेश सांभरिया, संतु कुमार, अर्जुन राम, विनोद कुमार, सरोज कुमारी, सम्पत देवी, भैरोंसिंह, कमल भामू, नेतु राम, गजानंद स्वामी, गणपत राम व्याख्याता, हेमेंद्र शर्मा आदि स्टॉफ उपस्थित था।



## लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने शिक्षा के मंदिर में किया नेक कार्य

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने महेन्द्र सुनील पाटौदी, गोपाल प्रीतम लढ़ा एवं दीपक मोर के सौजन्य से गांव खारिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता जैन के प्रयास से बच्चों को स्वेटर वितरित किए। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन जितेन्द्रसिंह राजपुरोहित, लॉयन मोहित गंगवाल ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को स्वेटर वितरित किए। प्रधानाचार्य दिनेशचंद्र लाडना ने लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट का आभार व्यक्त किया। लॉयन राम काबरा ने बताया शिक्षा के मंदिर में किये गए नेक कार्य से बढ़कर कोई सेवा कार्य नही है इसी को महसूस करते हुए क्लब द्वारा सरकारी स्कूलों में वहां की आवश्यकता अनुसार कार्य किए जा रहे है इससे पहले भी सुनीता जैन एवं उनके पुत्र मोहित जैन द्वारा इस विद्यालय में कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया था जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर सुचेता, मूलाराम, आनंदराम, शिवपाल सिंह, सुनील जोशी, बिरदाराम जाखड़, शंकरदास गोदारा, सुनीता जैन, शीला कंवर, ज्योति वर्मा, भागीरथराम, प्रवीण कुमार, रतनलाल आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## टैगोर पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का हुआ शिलान्यास



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के चांदारूण रोड पर टैगोर पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का शिलान्यास शुक्रवार को समारोहपूर्वक हुआ। स्कूल के नवीन भवन निर्माण हेतु टैगोर कोचिंग सेंटर कुचामनसिटी के प्रबंध निदेशक सुल्तान सिंह कल्याणपुरा ने विद्यालय भवन की आधारशीला रखी। स्कूल निदेशक हरीश चौधरी ने बताया कि बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने संस्था परिवार को बधाई देते हुए बताया कि टैगोर स्कूल ने शहर में पिछले 6 वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है व अभिभावकों के विश्वास पर संस्था हमेशा खरी उतरी है। इस अवसर पर लखाराम जाजड़ा, माधवराम, मुकेश धोजक, मुकेश डूडी, रामेश्वर लाल बुरडक़, कालूराम, हेमराज पारीक, सोहन गोदारा, श्रवण राम, महेंद्र सिंह सहित विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## न्यायिक कार्मिकों की हड़ताल का अधिवक्ताओं ने किया समर्थन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना सहित पूरे जिले में पिछले कई दिनों से चल रही है। न्यायिक कर्मचारियों की हड़ताल का डेगाना बार संघ के जूनियर अधिवक्ताओं ने भी हड़ताल का समर्थन किया।

ज्ञात हो राजस्थान में पिछले 9 दिनों से न्यायिक कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिसके चलते अदालतों में कामकाज ठप्प पड़ गया है। जानकारी के अनुसार 22 दिन पहले जयपुर के एनडीपीएस कोर्ट के सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से कार्मिक नाराज हैं। नाराज न्यायिक कर्मचारियों ने मांग की है कि, पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। डेगाना में कर्मचारी प्रदर्शन और सामूहिक अवकाश का शुक्रवार को नोवां दिन है।

ऐसे में पिछले आठ दिनों से सभी अदालतों में कामकाज ठप पडा है। इस मौके पर बाबूलाल पुनिया, रीडर राजेश चौधरी, विजय सिंह, रेणु मीणा, अरविंद गंवलिया, ओमप्रकाश विश्नोई, बाबूलाल बेनीवाल, महेंद्र सिंह, किशोर, सुरेश राम, जुनियर अधिवक्ता सुशील जुजाडिया, सुनील डुडी, राहुल कटारिया, किशन काला, बरखत खान आदि ने संबोधित किया।

## डेगाना में आज 11 से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी बिजली

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** एईएन ओपी बाना ने जानकारी देकर बताया कि शनिवार को डेगाना गांव मे स्थित 132 केवी ग्रिड स्टेशन पर रख रखाव का कार्य किया जायेगा। इसके चलते डेगाना शहर सहित आस पास के सभी गांवों के 33 केवी जीएसएस मे बिजली की सप्लाई की बंद रहेगी। 132 केवी ग्रिड स्टेशन के सहायक अभियंता सचिन श्रीवास्तव बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# सांस्कृतिक, आर्थिक व सामाजिक एकता का प्रहरी है मीडिया



डॉ. फ़िरोज खान
मीडियाकर्मी, शिक्षाविद्

जाने माने अमेरिकी गायक, गीतकार, कवि, लेखक जिम मॉरिसन ने कहा था 'जो मीडिया को नियंत्रित करता है, वह दिमाग को नियंत्रित करता है'। इस वाक्य के माध्यम से मीडिया की ताकत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। हम मीडिया संस्कृति में रहते हैं और जो कोई भी मीडिया को नियंत्रित करता है और प्रभावित करता है और उसका उपयोग करता है, उसके पास परिवर्तन की शक्ति है। परिवर्तन अल्पकालिक हो सकते हैं और दूरगामी भी हो सकते हैं, सकारात्मक और नकारात्मक भी हो सकते हैं। अर्थात मीडिया की शक्ति एक समाज को परिवर्तित करने का एक जरिया है जिसके माध्यम से दूरगामी सकारात्मक परिवर्तन समाज में फैलाए जा सकते है। परिवर्तन की शक्ति किसी भी देश, किसी भी समाज, किसी भी कम्युनिटी को एक दिशा में अग्रसर कर सकती है अर्थात मीडिया एक ऐसी शक्ति है जिसके द्वारा किसी भी देश की आर्थिक राजनीतिक सामाजिक एकरूपता को उसकी शक्ति को एक सही दिशा दी जा सकती है।

यह सर्वविदित है कि किसी भी आजाद देश में जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है वहां पर विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के द्वारा किए गए क्रियाकलापों और उन क्रियाकलापों का समाज पर पड़ते प्रभाव पर नजर रखने के लिए उनकी समालोचना और समीक्षा करने के लिए मीडिया को चौथे स्तंभ के रूप में जाना और माना जाता है। कोई भी देश अपने स्वतंत्रता आंदोलन में यदि सफल हुआ है, चाहे वह अमेरिका हो या फ्रांसीसी क्रांति का वक्त, जनता के सम्मुख पहुंचना और उसे जागृत बनाने में मीडिया ने एक अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। अगर हम हमारे देश भारत की बात करें तो महात्मा गाँधी, लोकमान्य तिलक और सुभाष चंद्र बोस जैसे सभी स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी बात जन जन तक पहुंचाने के लिए उन्हें अपनी आजादी का महत्व समझाने के लिए मीडिया का उपयोग किया। जिसके द्वारा आजादी की जनचेतना की मशाल गांव गांव पहुंची और हम आजाद हो पाए।

अगर हम एक समग्र और पूर्ण रूप से मीडिया की बात करें तो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम, प्रिंटिंग प्रेस, सिनेमा, इंटरनेट और सभी सूचना के माध्यम मीडिया में सम्मिलित हो सकते हैं और इन सभी माध्यमों के जरिए मिल रही सूचनाएं और इनकी द्वारा प्रकाशित और प्रसारित कार्यक्रमों के जरिए समाज में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ता है। इन प्रभावों के जरिए ही समाज में सकारात्मकता और नकारात्मकता बढ़ती है अथवा कम होती है,गौर करने वाली बात यह है की 16वीं शताब्दी से प्रिंटिंग प्रेस का उद्भव होने से आज सोशल मीडिया तक पहुंचने का जो सफर है इसमें समाज केंद्र में रहा है। कहा जा सकता है कि मीडिया समाज का आईना है और यूं भी कहा जा सकता है कि समाज में हो रही घटनाओं के लिए मीडिया प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। राष्ट्र की एकता और अखंडता उस राष्ट्र की शक्ति होती है। भारत देश विविधताओं का देश है जहां पर हर दिन हर प्रदेश की हर राज्य की हर जिले की एक अपनी संस्कृति है एक अपनी सामाजिक रूप है, एक अपनी अलग पहचान है अगर हम अपनी अलग अलग पहचान को बनाए रखकर एक दूसरे की सांस्कृतिक और सामाजिक अवधारणाओं और रीति.रिवाजों का सम्मान करते हैं वही एक सांस्कृतिक और सामाजिक एकता कहलाती है और जिस राष्ट्र में जिस समाज में लोगों के बीच एक सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक एकरूपता रहती है उस राष्ट्र की उन्नति का पथ और प्रदर्शित होता है। उन्नति की गति को बढ़ावा मिलता है। इस राष्ट्रीय संस्कृति और आर्थिक और सामाजिक एकता के बीच में सामंजस्य बनाए रखने का जो महत्वपूर्ण पुल कहे या माध्यम कहे वह मीडिया हैं।

समाज में राष्ट्र में और पूरे विश्व में घटित हो रही विभिन्न प्रकारों की घटनाओं और सूचनाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही मिलती है अत: वह सूचनाएं वह घटनाएं, उन घटनाओं की जानकारी समाज के सामने लाने में निष्पक्ष और सही परिपेक्ष में प्रस्तुत करना चाहिए। घटनाओं का प्रस्तुतीकरण इस प्रकार का हो जिसके द्वारा समाज में वैमनस्यए भेदभाव, घृणा ना फैले। खबरों को खबरों की अंदाज में ही प्रस्तुत किया गया हो ताकि उन खबरों का समाज पर कोई बुरा प्रभाव ना पढ़ सके। स्वार्थ या किसी के दबाव में आकर मीडिया अपनी उस भूमिका से बचने की कोशिश करें जहां पर मीडिया पर सवालिया निशान लगाए जाने की आशंका हो पत्र-पत्रिकाओं में टीवी में रेडियो में अन्य माध्यमों के द्वारा उत्तम लेख अच्छे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक सूचनाएं श्रेष्ठ मनोरंजन और अच्छी खबरों का समावेश हो जिसके द्वारा समाज को सही दिशा प्रदान की जा सके। समाज की नीति परंपराओं एमान्यताओं, सभ्यता और संस्कृति के प्रहरी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका मीडिया ही निभाता है और मीडिया ही निभा सकता है क्योंकि अक्सर यह देखा गया है कि इन्हीं परंपराओं मान्यताओं और संस्कृति के नाम पर समाज को बांटा जाता है तथा समाज में वैमनस्य फैलाया जाता है। अत: मीडिया की सबसे बड़ी और दोहरी जिम्मेदारी है कि इन परंपराओं को सांस्कृति और अपनी सभ्यताओं को लोगों तक सही तरीके से पहुंचाएं और इनके नाम पर फैलाई जा रही राजनीति से लोगों को बचाएं ताकि समाज का विघटन ना हो और हमारा समाज हमारा राष्ट्र एक समृद्ध और सुखी राष्ट्र बन सके। आज जब समाज में इंटरनेट और सोशल मीडिया की अधिकता से पत्रकारिता पर भी सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं, उनकी नैतिकता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं तब मीडिया की, मीडियाकर्मियों की यह दोहरी जिम्मेदारी बन जाती है की केवल प्रेरक और हितकारी सूचनाओं के जरिए समाज में फैली बुराइयों, अंधविश्वास, द्वेष जैसी बुराइयों को दूर करने का प्रयास करें। येलो जर्नलिज्म जैसी अनचाही पत्रकारिता के द्वारा भी मीडिया की भूमिका को विरूपित किया जा रहा है जिसके कारण समाज में असमानता, अविश्वास फैलता है जो कि हमारी सदियों से चली आ रही सांस्कृतिक आर्थिक और सामाजिक एकता पर चोट करती है। मीडिया की भूमिका एक प्रेरक की भूमिका है। मीडिया के द्वारा समाज में नैतिकता और संस्कृति का पाठ पढ़ाया जा सकता है अत: आज के दौर में जहां सामाजिक तनाव, संघर्ष, मतभेद, युद्ध और दंगों में समाज में फ़ैल रहे है। वहां मीडिया एक समाज सेवक के रूप मे, सकारात्मक मार्गदर्शक के रूप में एक प्रहरी के रूप में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में आगे आकर समाज को संगठित कर अपनी सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक एकता को बचा सकता है और यह एकता ही भारतवर्ष की इस राष्ट्र की शक्ति है।

# मकराना विधायक को जन आक्रोश रैली में झेलना पड़ा जनता का आक्रोश

## भाजपा की उपलब्धि गिनाए बिना वापस लौटना पड़ा



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिले के मकराना उपखंड में विधायक को ग्रामीणों ने घेरा। राजस्थान में चल रहे भाजपा के जन आक्रोश रैली के दौरान भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश रैली में लोगों का आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के अनुसार मकराना उपखंड के ग्राम मोड़ीचारणा में ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रूपाराम मुरावतिया को खूब खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा की विधानसभा के कई ऐसे गांव है, जिनमें विधायक कोष से काम नहीं हुआ और चार सालों में विधायक ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपनी शक्ल दिखाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य नही होने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों को गिनाया जिस पर ग्रामीणों ने कहा की कई ऐसे कार्य है जिनकी स्वीकृतियां जारी हो चुकी है लेकिन विकास कार्य शुरू नही हुआ है।

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से समझाइश कर मामले को शांत किया और आगामी दिनों में समस्त वंचित ग्रामीण इलाकों में भी विकास कार्य समय पर कराए जाने का आश्वासन दिया।

# आयुक्त पर पार्षद पर अभद्र व्यवहार का आरोप

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के वार्ड संख्या 9 के पार्षद बूंदू अली न्यारिया ने नगर परिषद कुचामनसिटी के आयुक्त श्रवणराम चौधरी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। पार्षद ने उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट को लिखित में ज्ञापन देकर आयुक्त श्रवणराम के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि प्रार्थी शुक्रवार को दोपहर में अपने वार्ड के लोगो की पट्टे की पत्रावलियों के लिए पूछताछ करने के लिए वार्ड के लोगो के साथ नगर परिषद गया था। आयुक्त के पास जाते ही आयुक्त भड़क गए तथा गाली-गलौच करने लगे तथा अपने कर्मचारियों महेश, कानाराम को बुलाकर मेरे वार्ड के लोगो के सामने मेरे साथ धक्का-मुक्की कर मुझे बेइज्जत कर बाहर निकाल दिया। प्रार्थी पार्षद ने बताया कि इस प्रकार एक जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा घिनोना व्यवहार निन्दनीय है अत: आयुक्त को इसकी सजा मिलनी चाहिए।

# अपराध और अत्याचार पर अंकुश लगाने में नाकाम हुई कांग्रेस सरकार : पालियाल

अ.रहमान देवड़ा





**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को भाजपा की ओर से जन आक्रोश यात्रा कुचेरा क्षेत्र में निकाली गई। इस यात्रा का खींवसर विधानसभा के यात्रा संयोजक एडवोकेट कानाराम पालियाल और पार्टी पदाधिकारियों ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालियाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विगत चार वर्षों में कांग्रेस सरकार ने सिर्फ जनता के साथ धोखा किया और अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में चार साल गंवा दिए और इन चार वर्षों में राजस्थान में अपराध और अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है जिससे आमजन परेशान और चिंतित हैं। इस अवसर पर पालियाल ने कार्यकर्ताओं को आगामी एक वर्ष तक कठिन मेहनत एवं परिश्रम के साथ कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने तथा राजस्थान सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखने के बारे में बताया। एडवोकेट पालियाल ने कहा कि गहलोत सरकार ने किसानों, बेरोजगारों महिलाओं, दलितों तथा शौषित वर्ग को धोखा देकर सता में आसिन हुई लेकिन सरकार ने इन सभी वर्गों के साथ नाइंसाफी की और जनता को इन चार वर्षों में मात्र धोखा के अलावा कुछ नहीं दिया। विधानसभा के यात्रा संयोजक होने के नाते पालियाल ने बताया कि हमारी पार्टी लगातार जनाक्रोश यात्रा के माध्यम से कांग्रेस सरकार की नाकामियों के बारे में विधानसभा की आम जनता को जागरूक करेगी और आमजन की हर समस्या का निवारण करने का प्रयास करेंगे। राजस्थान सरकार ने इन चार वर्षों में सिर्फ जनता का शोषण किया है अपराध में राजस्थान भारत में अग्रणी है जिससे आये दिन लूट मार, हत्याएं, गैंगवार जैसे घटनाओं का बढ़ना एक चिंता का विषय है फिर भी सरकार अपराध, अत्याचार पर अंकुश लगाने में नाकामयाब हो रही है।

## बड़ी सभा का होगा आयोजन

पालियाल ने बताया कि खींवसर विधानसभा में दिसंबर के मध्यावधि में एक बड़ी सभा का आयोजन करेंगे, जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे और कांग्रेस सरकार की असफलताओं के बारे में एक बड़ा आंदोलन करेंगे जो कि अनवरत एक वर्ष तक चलेगा जब तक इस विफल सरकार को सता से उखाड़ नहीं फैंक देते। इस अवसर पर यात्रा में भाजपा के अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी भुपेंद्र दवे, पूर्व चैयरमेन महेंद्र प्रताप चौधरी, मनोहर लाल माली, गुणवंत जैन, ओमप्रकाश पिंडेल, अनोपाराम विश्नोई, रामबाबू टाक, रामरतन डुकिया सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्यालय क्रमोन्नत, कक्षा-कक्षों का निर्माण व हाई मास्क लाईट का हुआ लोकार्पण

## शेरानी आबाद के खिजरपुरा में हुआ समारोह पूर्वक आयोजन

अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** क़स्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खिजरपूरा के विद्यालय क्रमोन्नत व कक्षा-कक्षों का निर्माण व हाई मास्क लाईट का लोकार्पण समारोह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खिजरपुरा में रखा गया। शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा क्रमोन्नत व कक्षा-कक्षों का निमार्ण व हाई मास्क लाईट का लोकार्पण समारोह का आयोजन गुरुवार दोपहर को किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चेतन डूडी ने सभी ग्रामीणों का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार गांव ढाणी से लेकर शहरों का विकास कर रही हैं। गांव में हर संभव विकास कार्य करवाया जायेगा। चिरंजीवी योजना की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि सरकार हर व्यक्ति तक चिरंजीवी बीमा योजना को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस योजना में किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट ट्रांसप्लांट फ्री कर दिया,बिजली के बिल में छूट दी है।किसानों को अनुदान दिया जा रहा है। चेतन डूडी ने आरएलपी और एआईएमआईएम पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह इन्ही की बनाई हुई पार्टी है जो इनको जिताने का काम कर रही है।आप पर भी उन्होंने निशाना साधते हुए कांग्रेस को हराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं और यह चुनाव जीतते जा रहे हैं।

### यह की घोषणा

विधायक ने खिजरपुरा में दो ट्यूबेल थ्री फेस लाइट कनेक्शन के साथ करवाने की घोषणा की।डूंगरी से कुडोली रोड़ बनाने की बात कहीं। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली पानी व सड़क को लेकर विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन दिया जिसको जल्द करवाने की बात कही गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेतनसिंह चौधरी विधायक, डीडवाना प्रधान प्रेमाराम सीमार, हरिराम कुरडिया जिला परिषद सदस्य, शेर मोहम्मद पं.स. सदस्य, रविन्द्र कुमार तोमर सीबीईओ डीडवाना, मुस्ताकखाँ खात्यासनी, मकबूल अहमद, शेर मोहम्मद, मुनीर अहमद आदि ने संबोधित किया।

### -ये रहे मौजूद

इस दौरान मुंशी खान खुनखुना सरपंच,कल्याण सिंह राठोड़, तिलोकचंद, हाजी इलमु खान, उमरदीन खान, हाजी लुकमान खान, ख़लील अहमद, इकबाल खान, अलाउद्दीन खान, मोहम्मद अली, मास्टर मुनिर अहमद, शेर मोहम्मद, मुफ़्ती ख़ालिद अय्यूब, मोलाना इमरान बरकाती, हाफिज अशरफ़, नायब तहसीलदार मूलचंद उज्ज्वल, हाजी अब्दुल्ला, मोहम्मद अली, बिलाल खान, अमीर खान, जफरुद्दीन खान, भामाशाह बाबू खान, पूर्व सरपंच पन्ने खान, इब्राहीम खान, हाजी खिजर हयात, प्रिंसिपल सुखवीर डूडी, मोहम्मद हुसैन आदी मौजूद रहे।

# किशोरी बालिकाओं को सीवरेज व स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन में बी.आर. काबरा कुचामन महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कुचामन में किशोरी बालिकाओं को सीवरेज व स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

सी.ए.पी.पी. के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्रसिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन से जुड़ी हुई एक अच्छी आदत है, जिसे हर किसी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए क्योंकि स्वच्छता से मनुष्य के जीवन को मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत से लाभ हो सकते है और अच्छा स्वास्थ्य किसी के भी जीवन को बेहतर बना सकता है क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र स्वच्छता है स्वच्छता का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है यदि साफ सफाई नहीं होगी तो हमारा स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रह पायेगा। स्थानीय विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य डा. राजेष कुमार शर्मा ने कहा कि स्वस्थ हम तभी रह सकते है जब हम अपने आस-पास की गन्दगी को दूर कर बीमारियों से बचकर अच्छा जीवन जी सकते है और आप सभी को स्वच्छता की नैतिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए और अपने आस पास के बातावरण को स्वच्छ बनाने में कभी भी हिचकिचाना नहीं चाहिए क्योंकि स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन की कुंजी है।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण चतुर्वेदी आज रहेंगे खींवसर दौरे पर

हुकमाराम ताडा

**खींवंसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व राजस्थान प्रभारी अरुण चतुर्वेदी शनिवार शाम को खींवसर आंएगे। चतुर्वेदी का खींमसर फोर्ट में रात्रि विश्राम रहेगा। 11 दिसंबर को भाजपा की जन आक्रोश यात्रा खींवसर शहर में निकाली जाएगी। इस यात्रा में भाजपा के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा के युवा नेता धनंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिसंबर को राजस्थान प्रभारी अरुण चतुर्वेदी खींवसर आएंगे। खींवसर शहर में 11 दिसंबर को भाजपा की जन आक्रोश यात्रा निकाली जाएगी।

# पालड़ी पिचकिया में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को पालड़ी पिचकिया में ग्राम सेवा सहकारी समिति के लिए संचालक मंडल सदस्य के (4) चार वार्डो के लिए मतदान शान्तिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुए। संचालक मंडल के 7 सदस्यों का पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो गये थे। बाकी के चार वार्डो मे हुए चुनाव में वार्ड 2 में सम्पतराम जिन्जा वार्ड नं. 3 नरसिंगराम पिचकिया व वार्ड नं. 4 के बस्तीराम जिंझा ओर वार्ड नं. 12 में कुलदीप जाट निर्वाचित घोषित किये गये। निर्वाचन अधिकारी विजय चौधरी ने बताया की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 10 दिसम्बर को होगा। नवनिर्वाचित संचालक मण्डल सदस्यो का धर्माराम पिचकिया का कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया।

# लुहारिया बास में कोविड टीकाकरण अभियान का हुआ आयोजन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के लुहारिया बास स्थित मदरसा तेलियान में भारत सरकार व राज्य सरकार के आदेश पर यूएसएआईडी लाडली फाउंडेशन व जेएसआई के सहयोग से प्रोजेक्ट मोमेंटन फाउंडेशन व जेएसआई के सहयोग से प्रोजेक्ट मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉरमेशन इक्विटी के तहत कोविड टीकाकरण महाअभियान का आयोजन हुआ। कोऑर्डिनेटर हिमांशु शर्मा ने बताया कि बाबा हैदर अली कमेटी के सहयोग से आयोजित इस टीकाकरण अभियान में बड़ी संख्या में लोगो का टीकाकरण किया गया। इस दौरान नगर परिषद कुचामनसिटी के सभापति आसिफ खान, उपसभापति हेमराज चावला, पार्षद शाहरूख बड़गुर्जर, पार्षद बूंदू न्यारिया, मदरसा इस्लामियां कमेटी के नायब सदर सत्तार बड़गुर्जर, वहीद बड़गुर्जर सहित बड़ संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# नकली शराब का भंडाफोड़, 5 हजार नकली ढक्कन व 100 लीटर स्प्रिट जब्त, एक गिरफ्तार

तोषिणा( नागौर डेली न्यूज) :

आबकारी टीम की ओर से तोषिणा और गावड़ी गांव में दबिश दी गई। इस दौरान होटल मान मनवार और सुरेंद्र सिंह पुत्र नरपत सिंह राजपूत के घर से 100 लीटर स्प्रिट और 5 हजार नकली ढक्कन सहित काफी मात्रा में खाली बारदान जब्त किए गए। आबकारी टीम ने एक अभियुक्त सुनील सिंह पुत्र राजू सिंह को भी मौके से गिरफ्तार किया। आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तोषिणा और गावड़ी गांव में बड़ी कंपनियों की निर्मित शराब के नाम पर नकली शराब बनाई जा रही है। वहां पर पैकिंग का भी काम होता है। आबकारी टीम ने जिले भर से कार्मिकों की अलग अलग टीम बनाई। तस्दीक करवाई, इसके बाद एक साथ तोषिणा और गावड़ी गांव में दबिश देने पहुंचे। वहां से मौके पर 100 लीटर स्प्रिट और पांच हजार विदेशी शराब के ढक्कन मिले। एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी टीम में जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा, आबकारी निरीक्षक बाबूलाल जलवानिया, ज्ञान सिंह, मनरूप चौधरी, सुभाष गोदारा सहित अन्य शामिल थे।

# जी-20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी 'ताकत' दिखाने का अवसर : गडकरी

नई दिल्ली।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का मानना है कि जी20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी 'ताकत' दिखाने का अच्छा अवसर है। उन्होंने शुक्रवार को यहां आईसीएआई के बहरीन चैप्टर (बीसीआईसीएआई) द्वारा 'न्यू होराइजन बेकॉन्स' विषय पर आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत ने एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता संभाल ली है। यह दुनिया के विकसित एवं विकासशील देशों का समूह है। गडकरी ने कहा, ''भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना हमारा सपना है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यहां बड़ी संख्या में अवसर उपलब्ध हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज बड़ी संख्या में निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं। युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरों की बड़ी मौजूदगी भारत की सबसे बड़ी ताकत है।'' गडकरी ने कहा कि फिलहाल देश के वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com